प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 जुलाई 2024

भारतीय रिजर्व बैंक ने माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण विनियमित संस्थाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट किया

माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में बड़े स्तर पर व्यवधान, वैश्विक स्तर पर आईटी प्रणालियों को प्रभावित कर रहा है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। रिज़र्व बैंक ने इस व्यवधान के कारण अपनी विनियमित संस्थाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है। अधिकांश बैंकों की महत्वपूर्ण प्रणालियाँ क्लाउड में नहीं हैं, तथा केवल कुछ ही बैंक क्राउडस्ट्राइक टूल का उपयोग कर रहे हैं। हमारा आकलन दर्शाता है कि केवल 10 बैंक और एनबीएफसी में मामूली व्यवधान थे, जिन्हें या तो हल कर लिया गया है या हल किया जा रहा है।समग्र रूप से, रिज़र्व बैंक के अधिकार क्षेत्र में भारतीय वित्तीय क्षेत्र, वैश्विक व्यवधान से अछूता बना हुआ है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपने विनियमित संस्थाओं को सतर्क रहने तथा परिचालनगत आघात-सहनीयता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु परामर्श जारी किया है।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/739